प्रयोगार्थाः

अच्सन्धिः

सुद्ध्युपास्यः विद्वानों के उपासनीय
मध्वरिः 'मधु' नामक दैत्य के शत्रु (भगवान विष्णु)
धात्रंशः ब्रह्मा का अंश
लाकृतिः 'लृ' के समान टेढी आकृतिवाला (कृष्ण)
हरये हरि के लिए
विष्णवे विष्णु के लिए
नायकः नेता, प्रधान
पावकः पवित्रकर्त्ता या अग्नि
गव्यम् गौ का विकार, दुग्ध, दधि, घृत, गोमूत्र, गोबर आदि।
नाव्यम् नौका से उतरने योग्य जल
गव्यूतिः दो कोस
उपेन्द्रः इन्द्र के छोटे भाई (वामन भगवान्)
गङ्गोदकम् गङ्गा का जल
कृष्णर्द्धिः कृष्ण की समृद्धि
तवल्कारः तेरा लृकार
हर इह हे हरि! यहाँ
विष्ण इह हे विष्णु! यहाँ
कृष्णैकत्वम् कृष्ण की एकता
गङ्गौघः गङ्गा का प्रवाह
देवैश्वर्यम् देवताओं का ऐश्वर्य
कृष्णौत्कण्ठ्यम् कृष्ण की उत्कण्ठा
उपैति पास आता है
उपैधते समीप बढ़ता है।
प्रष्ठौहः प्रष्ठवाहका (सिखाने के लिये जिसके गले मे काष्ठ बाँध देते हैं, ऐसे बछडे को 'प्रष्ठवाट्' कहते हैं।
उपेतः समीप आया हुआ, युक्त
मा भवान् प्रेदिधत् आप अधिक न बढावें
अक्षौहिणी सेना - विशेष
प्रौहः अधिक तर्क या उत्तम तर्क करने वाला
प्रौढः चतुर, अधेड
प्रौढिः प्रौढता
प्रैषः प्रेरणा
प्रैष्यः नौकर
सुखार्तः सुख से प्राप्त हुआ, सुखी
परमर्तः परम प्राप्त, मुक्त
वत्सतरार्णम् बछडे का ऋण

कम्बलार्णम् कम्बल का ऋण
वसनार्णम् वस्त्र का ऋण
ऋणार्णम् ऋण चुकाने का ऋण
प्रार्णम् अधिक ऋण
दशार्णः दस किले वाला देश
प्रार्च्छति अधिक चलता है।
प्रेजते अधिक काँपता है।
उपोषति जलाता हैं
शकन्धुः शक देश का कूप
कर्कन्धुः बदर फल (बैर)
मनीषा बुद्धि
मार्तण्डः सूर्य
शिवायों नमः शिवजी को नमस्कार
शिवेहि हे शिव! आइये
दैत्यारिः दैत्यों का शत्रु (विष्णु)
श्रीशः लक्ष्मीपति (विष्णु)
होतृ॒करः होता का ऋकार
हरेऽव हे हरि! रक्षा करो
विष्णोऽव हे विष्णु! रक्षा करो
गोअग्रम् गौ का अग्र भाग
गवि गौ में
गवेन्द्रः गोस्वामी
आगच्छ कृष्ण३ अत्र गौश्चरति हे कृष्ण! आइए यहाँ गौ चरती है।
हरी एतौ ये दोनों हरि (सिंह) हैं।
विष्णू इमौ ये दोनों विष्णु हैं।
गङ्गे अमू ये दोनों गङ्गाएँ हैं।
अमी ईशाः ये अधिपति हैं।
रामकृष्णावमू आसाते ये बलराम और श्रीकृष्ण बैठे हैं।
अमुकेऽत्र ये यहाँ हैं
इ इन्द्रः अरे! यह इन्द्र है।
उ उमेशः क्या यह उमेश हैं।
आ एवं नु मन्यसे क्या तुम ऐसा मानते हो ?
आ एवं किल तत् अरे यह वह है।
ओष्णम् कुछ गर्म
अहो ईशाः अहो ये अधिपति हैं।
विष्णो इति हे विष्णु! ऐसा
किम्वुक्तम् क्या कहा ?
चक्रि अत्र विष्णु यहाँ है।

गौर्यौ दो गौरी
वाप्यश्वः वापी में घोड़ा
ब्रह्मर्षिः ब्रह्म ऋषि, वशिष्ठ
आर्च्छत् चला गया।

हल्सन्धिः

रामश्शेते राम सोते हैं।
रामश्चिनोति श्री राम चुनते हैं
सच्चित् सत् और ज्ञानस्वरूप
शार्ङ्गिञ्जय हे भगवन्! आपकी जय हो।
विश्नः विचलना या गति विशेष
प्रश्नः पूछना।
रामष्षष्ठः राम छठा है।
रामष्टीकते राम आता है।
पेष्टा पीसने वाला
तट्टीका वह टीका
चक्रिण्ढौकसे हे चक्रधारी! आप जाते हैं।
षट् सन्तः छः सत्पुरुष
षट्ते वे छः
ईट्टे स्तुति करता है।
सर्पिष्टमम् सबसे अच्छा घृत
षण्णाम् छः का
षण्णवतिः छियानवे (९६)
षण्णगर्यः छः नगरियाँ
सन्षष्ठः छठा श्रेष्ठ है।
वागीशः बृहस्पति
एतन्मुरारिः ये भगवान् मुरारी हैं।
तन्मात्रम् केवल उतना
चिन्मयम् ज्ञानरूप
तल्लयः उसमें लीन होना
विद्वाँल्लिखति पण्डित लिखता है।
उत्थानम् उन्नति, उठना
उत्तम्भनम् अवरोध
वाग्घरिः बोलने में शेर
तच्छिवः वह शिव
तच्छ्लोकेन उस श्लोक से या उसकी कीर्ति से
हरिं वन्दे हरि को मैं नमस्कार करता हूँ।
यशांसि बहुत से यश
आक्रंस्यते आक्रमण करेगा
मन्यते मानता है

शान्तः	शान्त
अङ्कितः	चिह्नित
अञ्चितः	पूजित या गत
कुण्ठितः	रुका हुआ
दान्तः	जितेन्द्रिय
गुम्फितः	गुंथा हुआ
त्वं करोषि	तुम करते हो
सँवत्सरः	वर्ष (संवत्)
सम्राट्	राजा
किं ह्यलयति	क्या चलाया जाता है ?
किं ह्यः	कल क्या था ?
किं ह्वलयति	क्या चलाया जाता है ?
किं ह्लादयति	कौन वस्तु प्रसन्न करती है ?
किं ह्नुते	क्या छिपाता है ?
प्राङ्ख्षष्ठः	छठा पूजित है
सुगण्षष्ठः	छठा गणितज्ञ है
सन्त्सः	वह सत्पुरुष है
सञ्छम्भुः	शम्भु सत्त्वरूप है
प्रत्यङ्ङात्मा	अन्तरात्मा, जीवात्मा
सुगण्णीशः	अच्छे गणितज्ञों का ईश
सन्नच्युतः	भगवान् अच्युत सत्स्वरूप है
संस्कर्ता	संस्कार करने वाला
पुंस्कोकिलः	पुरुषकोकिल (कोयल)
चक्रिँस्त्रायस्व	हे चक्रधारिन्, विष्णो रक्षा करो
प्रशान्तनोति	शान्त पुरुष विस्तार करता है
हन्ति	मारता है
नॄँ पाहि	मनुष्यों की रक्षा करो
काँस्कान्	किन किन को
शिवच्छाया	शिव की छाया
लक्ष्मीच्छाया	लक्ष्मी की छाया या शोभा

विसर्गसन्धिः

विष्णुस्त्राता	श्रीविष्णु रक्षक है
हरिश्शेते	हरि सोते हैं
शिवोऽर्च्यः	शिव पूजनीय हैं
शिवो वन्द्यः	शिव वन्दनीय हैं।
देवा इह	देवता यहाँ
भो देवाः	हे देवों

भगो नमस्ते हे भगवन्! आपको नमस्कार है।
अघो याहि आप जाइये
अहरहः प्रतिदिन
अहर्गणः दिन समूह
पुना रमते फिर खेलता है
हरी रम्यः हरि रमणीय है
शम्भू राजते शम्भु शोभित हैं
तृढः उद्यत, तैयार हुआ
मनोरथः इच्छा

एष विष्णुः यह विष्णु भगवान् है
स शम्भुः वह शम्भु भगवान् है।
एषको रुद्रः यह भगवान् रुद्र है।
असः शिवः वह शिव नहीं है।
एषोऽत्र यह यहाँ है।
सेमामविड्ढि प्रभृतिम् इसे देने में आप समर्थ हैं।
आप हमें इष प्रभृति प्रकृष्ट धारणा प्राप्त करावें।
सैष दाशरथी रामः ये वे दशरथ के पुत्र श्रीराम हैं।

इति विसर्गसन्धिः

इति पञ्चसन्धिप्रकरणम्